# नोडल अधिकारी ने हनुमत धाम में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**युवा हस्ताक्षर ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** प्रमुख सचिव जनपद के नोडल अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने हनुमत धाम में पर्यटन विभाग द्वारा कराएं जा निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गति लाई जाए तथा निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने भजन संख्या का प्लेटफार्म तैयार करने के निर्देश दिए है। उन्होंने पौधें लगाए जाने हेतु बनाए गये गमलों को मिट्टी की सतह से जोड़ने के निर्देश भी दिए है। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी ने निर्माणाधीन जिला सूचना कार्यालय/ प्रेस क्लब के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने भूततल पार्किंग के स्थान पर वर्षा का जल भरा मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा है कि पार्किंग स्थल पर जल निकासी की व्यवस्था की जाए। मुख्य द्वारा पर हलकी लकड़ी का दर्वाजा मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मोटी व मजबूत क्वालिटी का दर्वाजा लगाने के निर्देश दिए है। उन्होंने ककरा कला स्थिति निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने पुल के निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कहा है कि उच्च गुणवत्ता के साथ यथा शीघ्र पुल का निर्माण कार्य पूर्ण करके जनता को समर्पित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राम सेवक द्विवेदी, नगर आयुक्त संतोष शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहें।